Modicare FOUNDATION

# KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation



मई 2023



एओसी टीम द्वारा सोमरविल स्कूल में सहायक कर्मचारियों के साथ बाल यौन शोषण और पोक्सो एक्ट पर सत्र का आयोजन

## स्कूल बस चालकों और सहायक कर्मचारियों के साथ पोक्सो एक्ट पर प्रशिक्षण सत्र

सोमरविल स्कूल के 96 सहायक कर्मचारियों के साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 पर एक सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को बाल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इस अधिनियम के प्रावधानों के बारे में संवेदनशील बनाने और किसी भी प्रकार के यौन शोषण की पहचान करने और रिपोर्ट करने के लिए बुनियादी ज्ञान आदि के बारे में सहायक सिद्ध हुआ।

प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के बाल यौन शोषण और POCSO अधिनियम में उल्लिखित कानूनी परिणामों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। छात्र /छात्रों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उन्हें उचित व्यवहार और उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने बताया कि इस सत्र के माध्यम से उचित जानकारी प्राप्त हुई और बाल यौन शोषण, कानून से संबंधित अवधारणाओं पर स्पष्टता मिली। उन्होंने यह भी साझा किया कि विभिन्न परिस्थितियों से निपटने और सामना करने के लिए कुशलताएँ सीखी।

### जीवन कुशलता प्रशिक्षण की तस्वीरें













## मिशन बुनियाद का समर्थन

मूलभूत साक्षरता में सुधार करने के लिए एमसीडी ने प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 3 से 5 के बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों के दौरान मिशन बुनियाद का आयोजन किया।

मोदीकेयर फॉउन्डेशन के शिक्षकों ने इस प्रयास में एमसीडी का समर्थन किया और सुधार की ज़रूरत और संतोषजनक श्रेणी के छात्रों के साथ कक्षाएं संचालित की।

शिक्षकों ने छात्रों को सीखने में मदद करने के लिए एमसीडी द्वारा साझा किए गए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) मॉड्यूल और इंटरैक्टिव तरीकों का इस्तेमाल किया। शिक्षकों ने अपने सीखने के स्तर में सुधार के लिए पाठ्यक्रम पर आधारित गतिविधियों को अपनी-अपनी कक्षाओं में विभिन्न शैक्षिक प्रक्रियाओं के माध्यम से संचालित किया।

### मिशन बुनियाद-अब्दुर का अनुभव



मैं पहली बार मिशन बुनियाद में था और बच्चों के सीखने के स्तर के अनुसार उनके साथ काम कर रहा था। मैंने महसूस किया कि बहुत से छात्रों को गणित के योग करने में कठिनाई हो रही थी, क्योंकि वे 2 अंकों की संख्या में भी स्थानीय मान को समझने में असमर्थ थे, उन्हें हिंदी मात्राओं में कठिनाई हो रही थी, और वे अंग्रेजी में शब्दों का सही उच्चारण भी नहीं कर पा रहे थे। इन समस्याओं को पहचानने के बाद, मैंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन पर काम किया; मैंने सिद्धांतों को समझने में विद्यार्थियों की मदद की। मिशन बुनियाद के दौरान, छात्रों को पढ़ाना आसान था क्योंकि वे कक्षाओं में समान सीखने के स्तर के छात्रों के साथ बैठे थे और मैंने महसूस किया कि छात्र सामान्य से अधिक रुचि ले रहे थे, क्योंकि उन्हें उनके सीखने के स्तर के अनुसार पढ़ाया गया।

Modicare FOUNDATION

# KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation



May 2023



AOC team conducting a session on Child Sexual Abuse with the support staff at Somerville School

## Session on POCSO with Bus Drivers and Office Boys

A session was conducted with 96 support staff members of Somerville School on the Protection of Children Against Sexual Offences Act (POCSO) 2012. The session helped to raise awareness about child protection, sensitize the staff members about the provisions of this Act and equip them with the basic knowledge and skills to identify and report any instances of abuse.

The participants were educated on the different types of Child Sexual Abuse and the legal consequences outlined in the POCSO Act. They were also sensitized about an appropriate code of conduct and their duties and responsibilities while working with school students to ensure their safety and well-being. The participants shared that they found the session informative as it gave them clarity on the concepts related to Child Sexual Abuse, the law and helped them understand ways in which they can respond to the different situations that they can face at school.

### Snapshots of AOC Trainings













## Support for Mission Buniyaad

To help improve the foundational literacy of primary school children, MCD organized Mission Buniyaad during the summer holidays for classes 3-5.

Modicare Foundation teachers supported the MCD in this endeavour and conducted classes with students in the needs improvement and satisfactory categories.

The teachers used the Foundational Literacy and Numeracy (FLN) modules shared by MCD and interactive methods to help the students learn. Teachers conducted different types of teaching learning activities in their respective classes by the method of learning by doing based on subject matter to improve their learning levels.

### Experiences of Supporting Mission Buniyaad – Abdur



It was my first time being in Mission Buniyaad and working with kids according to their learning level. I realized that many students were having difficulty in doing math sums as they were unable to understand place value in 2 digits numbers, they were having difficulty in Hindi matras, and were unable to pronounce the words correctly in English. After identifying these problems, I worked on them through various activities; I helped students to understand the concepts. During Mission Buniyaad, it was easy to teach students because they were sitting in classes with students of similar learning levels and I realized that students were taking more interest than usual because they were being taught according to their learning level.